Damodar Valley Corporation;

(b) if so, the details; and

(c) the amount spent so far on this and details of the journey performed?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI VIKRAM MAHAJAN): (a) to (c). No aircraft was hired for the personal use of Chairman Damodar Valley Corporation during 1980. A small aircraft of the Indian Iron Steel Company was hired on 3 occasions during 1980 for the official use of Chairman and other senior officers of the DVC for inspection of DVC power stations.

बिना परमिट के गैस कनेक्शन

174. **श्री राम प्यारे पनिका :** क्या पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में बिना परमिट के गैस कनेक्शन दिलाने वाला गिरोह बहुत सक्रिय है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इस बारे में कोई कार्यवाही करने का है ; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके कारण क्या है ?

पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री प्रकाश चन्द्र सेठी) : (क) से (ग). सरकार को दिल्ली में बिना परमिट के गैस कनेक्शन दिलाने वाले किसी गिरोह की जानकारी नहीं है ।

चोपन और पिपरी उत्तर प्रदेश में दूर-दर्शन केन्द्र

175. **श्री राम प्यारे पनिका :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में चोपन और पिपरी नामक स्थान पर एक दूर-दर्शन केन्द्र स्थापित करने के बारे में कोई पत्र प्राप्त हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इन आदिवासी और हरिजन बहु-संख्या वाले तथा औद्योगिक स्थानों पर दूर-दर्शन केन्द्र स्थापित करने का है ; और

(ग) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं तो उसके क्या कारण है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी कुमुद बेन एम० जोशी) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग). संसाधनों की कमी के कारण छठी "योजना" अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में चोपन और पिपर में दूर-दर्शन केन्द्र स्थापित करना सम्भव नहीं है ।

खाना पकाने की गैस की नई एजेंसियों का आवंटन

176. **श्री राम प्यारे पनिका :** क्या पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने इस वर्ष खाना पकाने की गैस की नई एजेंसिया आवंटन करने का निर्णय किया है ;

(ख) यदि हां, तो उनकी संख्या कितनी है और इनका आवंटन किन स्थानों पर किया जाएगा ;